संक्षिप्त

कार्यकारिणी का गठन

कोटपूतली। राजमार्ग स्थित श्री सैन मंदिर में मंगलवार को श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान (रजि.) समिति की बैठक रामकुमार सैन खड़ब की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यकारिणी में राधेश्याम सैन फतेहपुरा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान लक्ष्मीनारायण सैन जैनपुरबास को संरक्षक, सतीश सैन पवाना को सलाहकार, मनोज सैन मल्लाला को उपाध्यक्ष, संजय सैन खेडकी को कोषाध्यक्ष, वेदप्रकाश सैन को सचिव, मुकेश सैन को उपसचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान नेतराम सैन रामपुरा, मनोज सैन, बुधराम सैन, गोविंद राम सैन, नंदकिशोर, विक्रम सैन पवाना, राकेश सैन खडब, लहरी सैन मोलाहेड़ा, भीम सैन पवाना, भामाशाह रणसिंह सैन पूतली, सजीव सैन मल्लाला, कैलाश सैन, मुंशीराम, नरेंद्र सैन, बनवारी लाल सैन, भम्भुराम सैन, ओमप्रकाश सैन, सुरेश सैन समेत अन्य मौजूद रहे।

15 से अधिक अवैध जल कनेक्शन कांटे

श्रीमाधोपुर। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता श्रीमाधोपुर के निर्देशानुसार बकाया राजस्व वसूली व अवेध कनेक्शन पर कार्यवाही हेतु टीम का गठन करके अभियान शुरू किया गया। टीम ने रेगर मोहल्ला गंगा माता मंदिर के पास 15 से अधिक कनेक्शन पर करवाई करके मोके पर कनेक्शन काटे गये। बकाया राजस्व वसूली व अवेध कनेक्शन विच्छेद दोनो टीम फील्ड में लगातार सक्रिय है।टीम में कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र रोज़ व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सहायक अभियंता ने सभी से अनुरोध किया है कि बकाया पानी के बिल को जमा करवाए अन्यथा कनेक्शन काटने की नियमानुसार कारवाई की जाएगी व अवेध कनेक्शन को कार्यालय में संपर्क करके रेगुलर करवाये अन्यथा उचित जुर्माने के साथ कनेक्शन विच्छेद किए जाएँगे। असुविधा के लिए स्वयं ज़िमेदार होंगे।

दीपेन्द्रसिंह खंगारोत का किया सम्मान

निवाई। राजपूत समाज के तत्वावधान में मीराबाई बालिका छात्रावास में बैठक आयोजित हुई जिसमें राजस्थान तीरंदाजी एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर दीपेन्द्रसिंह खंगारोत को समाज के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. तेजभंवरसिंह राठौड़, गोविंदसिंह चौहान, नटवरसिंह राठौड, दशरथसिंह चौहान पलेई, देवराज सिंह, प्रेमसिंह राजावत, महावीर सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, भंवरसिंह राजावत, नवलसिंह राजावत, भानुप्रताप सिंह, राजेंद्रसिंह, दीपेंद्रसिंह, गोपालसिंह, कानसिंह, गजेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह व जितेंद्रसिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

जयनारायण वर्मा अध्यक्ष बने

टोंक। रैगर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति टोंक की बैठक का आयोजन किस्तूर चंद शेरसिया की अध्यक्षता में रैगरान बालाजी का मंदिर तेलियों का तालाब टोंक में की गई। बैठक में 2 फरवरी को आयोजित रैगर समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया व तृतीय विवाह सम्मेलन के लिए नव कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष के पद पर जयनारायण वर्मा, महासचिव बजरंगलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष नवल कुमार शेरशिया को निर्वाचित किया गया।

10 को अलवर मे मांस-मछली की दुकानें रहेंगी बंद

अलवर । नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि श्री महावीर जयन्ती के अवसर पर 10 अप्रैल (गुरूवार) को अलवर शहर के समस्त बूचडखाने एवं मांस-मछली की दुकानें बंद रहेगी। उल्लेखनीय है कि श्री महावीर जयन्ती महोत्सव का आयोजन 10 से 12 अप्रैल तक किया जाएगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'अतिक्रमणों पर कार्यवाही करते हुए यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाएं'

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, समस्त एसडीएम, उप पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र बुरड़क भी मौजूद रहे। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं और सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं और इसके कारणों पर गहराई से चर्चा की गई। इस दौरान ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, ब्लैक स्पॉट, साइन बोर्ड, यातायात नियमों के बारे में प्रचार-प्रसार करने, आपातकालीन सेवाओं और एंबुलेंस रिस्पॉन्स टाइम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

जिला कलक्टर ने नेशनल हाईवे एवं अन्य सड़कों के मध्य अनाधिकृत समस्त कट्स एवं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन्हें बंद करने के निर्देश दिए, साथ ही सर्वे कर दुर्घटना संभावित स्थानों, अनाधिकृत पार्किंग को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा जिससे की सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके. उन्होंने सड़कों की मरम्मत, नेशनल हाईवे पर आवश्यक स्थानों पर हेल्प लाइन नंबर प्रदर्शित करने, आईआरडीए ऐप पर दर्ज ब्लैक स्पॉट, एम्बुलेंस रेट चार्टकी स्थिति के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए. उन्होंने स्थानीय आवश्यकता व दुर्घटना कारणों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को हाईवे के मद्देनजर किसी प्रकार के हादसे की स्थिति से निपटने के लिए सदैव तैयार रहने के निर्देश दिए। वहीं अतिरिक्त कलेक्टर ने संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए कि हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्रॉसिंग पॉइंट्स को चिन्हित करते हुए फेंसिंग या अवरोधक लगवाने का कार्य करें, साथ ही आवश्यक स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगवाया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान अधीक्षण अभियंता पीडब्लयूडी रामावतार कुमावत ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में उपस्थित एसडीएम बृजेश कुमार, कपिल कुमार, अनुराग हरित, महेंद्र सिंह, अमिता मान, राम किशोर मीणा, डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार सैनी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की दिशा में सुझाव दिए।

अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

6 दिसम्बर को सूखा दिवस घोषित करने की मांग

शाहपुरा। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल व परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को आबकारी विभाग द्वारा सूखा दिवस घोषित किए की मांग को लेकर रामेश्वर घोरेठा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर, बाबुलाल तानावाड, डॉ रूपनारायण असवाल, एडवोकेट सीएम अटल आदि ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी संजीव कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सर्व समाज के लोग डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा को मानने वाले लोग है,जो कि भारत के संविधान को सर्वोपरि मानकर विश्वास के साथ आस्था रखते है। जिसके चलते प्रदेश में बाबा साहेब के जन्म दिवस 14 अप्रैल तथा उनके परिनिर्वाण दिवस 6 दिसम्बर को आबकारी विभाग की छुट्टी रखकर इस दिन को सूखा दिवस घोषित करवाने कि मांग रखी है।

विधायक यादव ने किया पोस्टर का विमोचन

शाहपुरा। उपखंड शाहपुरा की डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में आयोजित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विधानसभा स्तरीय रैली व विचार गोष्ठी कार्यक्रम का मंगलवार को शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने पोस्टर विमोचन किया। विधायक यादव ने बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। उन्होंने विविधता लिए भारत देश को एक मजबूत किया साथ सभी महिलाओं और पुरुषों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है।आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि 14 अप्रैल को विधानसभा स्तरीय विशाल रैली शाही लवाजमे, डीजे के साथ प्रातः 8 बजे बिदारा मोड़ से उपखण्ड कार्यालय के सामने, नगरपालिका, सरकारी अस्पताल के सामने से होते हुए आदर्श कॉलोनी के पार्क पहुंचेगी जहां विचार गोष्ठी आयोजित होगी।

नव दिवसीय श्री रामचरितमानस अखंड महायज्ञ का समापन

- भंडारे का प्रसाद मन, बुद्धि, चित को कर देता है निर्मल - पंडित द्वारकेश शास्त्री

पावटा। कस्बा पावटा सुभाष चौक रामभवन स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर पर नव दिवसीय श्री रामचरित मानस अखंड महायज्ञ सुंदरकांड व भंडारे के साथ संपन्न हुआ। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। श्री रामचरितमानस अखंड महायज्ञ सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन जनसहयोग से करवाया गया था। यज्ञ आचार्य पंडित द्वारकेश शास्त्री ने अन्य आचार्यों के सहयोग से संचालित किया। शास्त्री ने बताया कि यज्ञ कम समय में अधिक आहुतियां छोडऩे का महायज्ञ था। जिसमें पांच जोड़ों को आचार्यों ने वेद मंत्रों के साथ यज्ञ सफल कराया।

उन्होंने बताया कि श्री रामचरितमानस महायज्ञ से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्री रामचरितमानस महायज्ञ से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। धार्मिक आयोजनों से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। उहोंने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। प्रसाद हर धार्मिक आयोजन या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी 'भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है समापन मंगलवार को दिन में पूर्णाहुति के साथ हवन एवं भंडारा एवं शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया। जिसमे मुख्य यजमान पुष्पा देवी मीणा-कन्हैयालाल मीणा, किरण देवी - कमलेश शर्मा, मंजू देवी - लालचंद खंडेलवाल, आंचुकि देवी - बनवारी लाल शर्मा, ममता देवी - सांवरमल बसंल सहित गांव, गांव से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली, इसके बाद बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान प्रागपुरा गुजेड़ा धाम महंत श्री भगवत दास,पंडित सोहनलाल, सुदरपुरा ढाढा महंत बिहारीदास, मंदिर पुजारी सत्यनारायण टीलावत, महेश टीलावत, पंडित सुरेश शर्मा, सुगनचंद शर्मा, नरेश बंसल, मामराज मीणा, ध्रुव कुमार सैन, जगदीश प्रसाद सैन, कमल यादव, मनोहर लाल जांगिड, सुशील योगी, गोकुल टेलर, चंद्रमोहन सैन, सुरेन्द्र मीणा, कैलाश चंद बंसल, उमेश टांक, सत्यनारायण बोहरा, अनिल शर्मा, सुरेश सैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा आज कोटपूतली में

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में बुधवार 09 अप्रैल को वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे। जबकि विशिष्ठ अतिथि बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत होंगे। वहीं अध्यक्षता कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर विधार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। साथ ही सत्र 2024-25 के अंतर्गत विभिन्न प्रकोष्ठों, मसलन सांस्कृतिक, साहित्यिक, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोवर रेंजर, खेलकूद, मानवाधिकार क्लब, महिला प्रकोष्ठ आदि के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चि तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरूस्कृत किया जायेगा। अतिथियों द्वारा देवनारायण तथा काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत लाभान्वित छात्राओं को स्कूटी भी प्रदान की जायेगी।

आपसी सहमति से होगा अंबेडकर भवन का निर्माण

बौंली -बामनवास। निवाई सड़क मार्ग के गुप्तेश्वर रोड बौंली पर भूमि को लेकर मां श्यामा देवी समिति एवं अंबेडकर सेवा समिति के बीच सुलह हो जाने के बाद अब आपसी सहमति से होगा अंबेडकर भवन का निर्माण। उपखंड कार्यालय बौंली के बाहर करीब 7 दिन से चल रहा मां श्यामा देवी मंदिर व अंबेडकर भूमि विवाद व धरना प्रदर्शन मंगलवार 8 अप्रैल प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों में सुलह कराने के बाद समाप्त हो गया एवं दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से निर्माण करने पर सहमति जताते हुए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए।

जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। बौंली उपखंड कार्यालय पर एसडीएम चंद्र प्रकाश वर्मा के समक्ष दोनों पक्षों में समझौता वार्ता शुरू हुई, वार्ता के बाद अंबेडकर भवन हेतु आवंटित खसरा नंबर 6523/1915 रकबा 0.08 है एवं खसरा नंबर 65 25/1919 रकबा 0.04 कुल किता कल एक कबा 012 है में अंबेडकर सेवा समिति बौंली के पदाधिकारी एवं श्यामा देवी विकास समिति बौंली के पदाधिकारी द्वारा विचार विमर्श कर आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि उक्त खसरा नंबर का आवंटित नक्शे के अनुसार प्रशासन द्वारा सीमाज्ञान कराने के बाद मां श्यामा देवी मंदिर और मोक्ष धाम को यथावत रखते हुए शेष भूमि पर अंबेडकर भवन निर्माण कराया जाएगा जो कि सार्वजनिक होगा।

दोनों पक्षों में सुलह हो जाने पर बौंली के प्रबुद्ध नागरिकों ने राहत की सांस ली, जहां अंबेडकर भवन को लेकर सभी आम जनों की एक राय थी, वहीं रावत समाज के आदिकाल से चले आई मां श्यामा देवी का मंदिर व मोक्ष धाम भी उनकी पुरातन संपदा है यह प्रमाणित था । इस मामले को लेकर प्रशासन ने जो सूझबूझ से कार्य किया है वह अत्यंत सराहनीय है।

पानी की किल्लत, महिलाओं ने प्रदर्शन किया

मनोहरपुर। कस्बे में मंगलवार को पानी की किल्लत से नाराज महिलाओं ने पार्षद प्रेम देवी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया है। इस दौरान वार्ड में आ रही जल की समस्या को लेकर कार्यालय कनिष्ठ अभियांत्रिकी अधिकारी से मिलकर समय पर पानी देने का आव्हान किया। पार्षद प्रेम देवी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जल की समस्या चरम सीमा पर है पानी को लेकर वार्ड में त्राहि त्राहि मच गई है।ओर जलदाय विभाग गहरी नींद में सोए हुए हैं।

इससे पूर्व ही बिशनगढ़ डेयरी के पास ही कई लोगों द्वारा लाइन से कनेक्शन लेकर कृषि करने में लगे हुए थे जिनपर विभाग ने तुरंत कार्यवाही करते हुए उनके अवैध कनेक्शन को काटा गया था।उसके बावजूद भी पानी की समस्या अब तक ठीक नहीं की गई है। पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने जलदाय विभाग में जाकर प्रदर्शन किया।

खरीद केंद्रों पर किसानों को मिलेंगी सुविधायें

- ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा 10 अप्रैल से की जानी प्रस्तावित है, सहकारी रजिस्ट्रार मुनेश यादव ने बताया कि जिले में कुल 06 खरीद केन्द्र स्थापित किये है

कोटपूतली। वित्तीय वर्ष 2025-26 में दलहनधतिलहन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद क्रय-विक्रय सहकारी समितियों व ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा 10 अप्रैल से की जानी प्रस्तावित है। सहकारी रजिस्ट्रार मुनेश कुमार यादव ने बताया कि जिले में कुल 06 खरीद केन्द्र स्थापित किये गये है। खरीद हेतु परिवहन व हैण्डिलिंग सम्बंधी निविदाएं प्राप्त कर ली गई है तथा प्रत्येक खरीद केन्द्र पर बिजली, पानी एवं छाया आदि की भी समुचित व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु निर्धारित दरें, खरीद केन्द्र, खरीद लक्ष्यों व खरीद प्रभारीयों का विवरण देते हुए हुए बताया की रबि फसल चना की नई एमएसपी 5650 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों की 5950 रुपए प्रति क्विंटल है। उन्होंने बताया कि सरसों व चना खरीद हेतु जिले में खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कोटपूतली क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, बहरोड़ क्रय- विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, उपकेंद्र बानसूर, बहरोड़ क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, पावटा क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड, उपकेंद्र विराटनगर, क्रय- विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड एवं मैड ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड हैं।

नेता प्रतिपक्ष का अपमान कांग्रेस को नहीं मंजूर, पुतला जलाकर जताया आक्रोश

अलवर । कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के खिलाफ भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा के द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनप गया है। अलवर के अंबेडकर सर्किल से विरोध स्वरूप उठी सुनामी शाम तक पूरे प्रदेश में फैल गई। राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों सहित अलवर जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञान देव आहूजा का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया।

जिला प्रवक्ता रिपू दमन गुप्ता ने बताया कि भाजपा नेता द्वारा की गई आपत्तिजनक और दलित विरोधी टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सर्किल पर आहूजा का रावण जैसा दशानन पुतले का दहन किया और आहूजा के पुतले की चप्पलों से जमकर पिटाई कर डाली, नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्किल पर जाम लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया वहां से सामूहिक रूप से अपना घर शालीमार स्थित भगवान श्री राम मंदिर में पहुंचकर रामधुनी कर रघुपति राघव राजा राम के साथ भाजपा नेता को सद्बुद्धि देने के लिए धार्मिक गीत गाये कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल छिडक़ना भारतीय जनता पार्टी की दलितों के प्रति दुर्भावना को दर्शाती है। वर्तमान के दौर में भाजपा नेताओं द्वारा दर्शाई गई संकीर्ण मानसिकता कतई स्वीकार्य नहीं है। इसकी जितने शब्दों में निंदा की जाए वह कम है। जिस मिट्टी में राम बसे हों, वहाँ भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। लेकिन भाजपा और उनके नेताओं की सोच में जाति और धर्म का जहर भरा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना - सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, एक पूरे समाज का अपमान है।

जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञान देव आहूजा का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया।

राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:286 जाहिर आम-सूचना दिनांक:08.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या 28/G/013 (EWS), (एरिया 11.510 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन सुश्री कौशानगी आर्य पुत्री श्री मनोज आर्य को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 10722 दिनांक 16.10.2023 को जारी किया गया। सुश्री कौशानगी आर्य की मृत्यु दिनांक 03.03.2023 को हो जाने के कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर श्री राज मंगनानी पुत्र स्व. श्री तोताराम मंगनानी द्वारा उक्त फ्लैट को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री राज मंगनानी पुत्र स्व. श्री तोताराम मंगनानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना
मेरा अभिभाष्य श्री नासिर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद, निवासी- प्लाट नं. 277, केसर वाटिका, स्की-नागोरियान, जगतपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान में रहता है। वाके ग्राम मनगढ खोखावाला पटवार क्षेत्र मानसरस्वेडी अंतर्गत तहसील बस्सी जिला जयपुर में स्थित भूमि खाता संख्या 242 पुराना 235 खसरा नम्बर 472/ 91 रकबा 0.8884 हेक्टयर हिस्सा भूमि संपूर्ण एवं 473/91 रकबा .0441 हेक्टयर हिस्सा 1/2 की खातेवारी मेरे अभिभाष्य के नाम से हाल राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में मेरे अभिभाष्य के नाम से दर्ज है जिसका मेरा अभिभाष्य काबिज दाखिल मालिक स्वामी रहा। उक्त वर्णित भूमि खृषि योग्य नही रहने के कारण मेरे अभिभाष्य ने उक्त भूमि पारस फार्म्स के नाम से वोलोनी विकसित कर भूखण्डो मे विभाजित कर विक्रय करना शुरू कर दिया इसी अनुक्रम मे मेरे अभिभाष्य ने आप सभी प्लॉट धारको को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र बेचान किया है। यह कि मेरा अभिभाष्य राद्भावी विक्रेता है परंतु मेरे अभिभाष्य को जानकारी हुई कि उक्त भूमि के पास से एक नाला जिसका खसरा नं. 317/55, 318/55 व 93 बह रहा है, जिस पर जयपुर विकास प्राधिकरण अधिकारियों का यह कहना है कि उक्त नाले के आस-पास स्थित 80 मीटर जमीन नाले की है और इस प्रकार से जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 80 मीटर की जमीन के लिए विवाद कारित किया जा रहा है जिस कारण से उक्त भूमि का सीमाक्षेत्र स्पष्ट नहीं हो पा रहा है जिस पर मेरे अभिभाष्य का सभी प्लॉट धारको से निवेदन है कि आप अपने भूखण्डो का किसी अन्य व्यक्ति को बेचान न करे क्योंकि इस विषय पर मेरे अभिभाष्य ने दिनांक 24.01.2025 एवं दिनांक 07.02.2025 को श्रीमान तहसीलदार महोदय (तहसील-बस्सी, जयपुर), श्रीमान अधिकारी महोदय जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-13 एवं श्रीमान सेटेलमेंट कमीशनर महोदय (जयपुर) को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अधिकारियों से सीमाज्ञान की माप करवाने के लिये अनुरोध किया है। मेरे अभिभाष्य ने पुनः एक प्रार्थना पत्र दिनांक 19.03.2025 को भू प्रबंधक अधिकारी, जयपुर के समक्ष (क्रमांक सं. 1133) प्रस्तुत कर सीमाज्ञान की माप करने का निवेदन किया था जिसमें भू प्रबंधक अधिकारी द्वारा पटवारी को सीमाज्ञान की माप करने के आदेश पारित कर दिए हैं। जब तक सीमाज्ञान नहीं हो जाता तब तक संपूर्ण वोलोनी का काम बंद हो रहा है और सीमाज्ञान पूर्ण होते ही मेरा अभिभाष्य स्वम ही सभी को बुलाकर प्लॉट का भौतिक कब्जा सम्भला देगा। यदि फिर भी कोई प्लॉट-धारक सीमाज्ञान होने तक का इतजार नहीं कर सकता है वह स्वय की इच्छा से अपने भूखण्डो का बेचान मेरे अभिभाष्य के हक में करवाकर बैंक ब्याज सहित अपना पैसा ले सकते है एवं इसके साथ ही लिगल फीस व रजिस्ट्री का खर्चा भी प्राप्त कर सकता है। सूचित रहे।
भवदीय
(अनिल मोहता) एडवोकेट, मो.नं. 9314021355

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम अशोक शर्मा से बदलकर अशोक कुमार पुत्र मदनलाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी डी-8-ए, थीम कॉलोनी, मुरलीपुरा, जयपुर
मैंने अपना नाम रेखा शर्मा से बदलकर रेखा पत्नी अशोक कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी डी-8-ए, थीम कॉलोनी, मुरलीपुरा, जयपुर
मैनें अपना नाम FARDEEN से बदलकर MOHAMMED FARDEEN पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी 117, हजरत अली नगर, रामगढ मोड, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे MOHAMMED FARDEEN के नाम से जाना पहचाना जावें।
I, neeraj kumar resident of khanpatti, pindra, varanasi, uttar pradesh pin-221202 have changed my son's name from Aditya Kumar Patel to Aditya singh vide affidavit dated 03/04/2025 before Amer court jaipur rajasthan.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:91 जाहिर आम-सूचना दिनांक:07.04.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 75/286 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मनोज कुमार बिदावत पुत्र स्व. श्री विष्णु लाल बिदावत को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1932 दिनांक 29.03.2005 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 11.05.2005 को प्राप्त कर लिया गया। श्री मनोज कुमार बिदावत की मृत्यु दिनांक 08.04.2024 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती मीरा वर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती मीरा वर्मा पत्नी स्व. श्री मनोज कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा / उपा./ जोन-14/2025/डी-676
सार्वजनिक सूचना दिनांक-8/4/2025
आवेदक श्री यशपाल चन्द्रावत पुत्र श्री गजराज सिंह द्वारा द्वारा ग्राम बाड़ापदमपुरा तह. चाकसू के ख.नं. 403 (नवीन ख.नं. 809/403) रकबा 0.126925 हैक्ट, 90ए शुद्ध भूमि पर वाणिज्य (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ एकल पट्टा मानचित्र अनुमोदन हेतु आवेदन किया गया था। जिसके क्रम मे प्राधिकरण की बी.पी.सी. (एल.पी.) समिति की 378वी बैठक दिनांक 17.12.2024 मे आवेदित भूमि के लगते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के स्वामित्व के खसरा नम्बर 432 पर विद्यमान सड़क का अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के क्रम मे मार्गाधिकार 24 मीटर रखे जाने का निर्णय लिया गया है।
यदि उक्त निर्णय पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञिप्त प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि मे अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-14, जविप्रा मे अपने दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त कालावधि मे आपत्ति / सुझाव प्राप्त नही होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल मे लायी जावेगी। सूचित रहे।
यह विज्ञिप्त आज दिनांक को जारी की गई है।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
कमांक:एफ(1)जविप्रा/उपा/जोन-11/2025/डी-5466
सार्वजनिक सूचना दिनांक-5/05/25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हर्षित गुप्ता पुत्र श्री रामराय गुप्ता के द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्रम कलवाडा के आवासीय भूखण्ड संख्या 32 क्षेत्रफल 869.40 वर्गमीटर का नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड की लीजहीड श्रीमती रीना गुप्ता पत्नी श्री भूपेश कुमार अग्रवाल एवं श्रीमती शिल्पा जैन पत्नी श्री राकेश कुमार व्यास के पक्ष मे क्रमांक 6034 दिनांक 27.4.2016 के द्वारा जारी की गयी है। श्रीमती आस्था बंसल पत्नी श्री नरेश कुमार बंसल बहैस